**Title:** Need to effectively implement Centrally sponsored schemes in the country.

डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, देश के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वागीण विकास की दृटि से केन्द्र प्रवर्तित विभिन्न योजनायें चलायी जा रही हैं। केन्द्र सरकार की इन योजनाओं में प्राय: शत-प्रतिशत तथा कुछ योजनाओं में 80 प्रतिशत तक धनराशि का आबंटन राज्य सरकार के माध्यम से किया जाता है जिनमें शिक्षा, चिकित्सा, कृि सिंचिन की सुविधा, शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराना आदि प्रमुख हैं। किन्तु कतिपय राज्य सरकारों द्वारा इन योजनाओं की निश्चित समयावधि में क्रियान्वित न किये जाने व समय पर योजना तैयार न की जाने से तथा कई योजनाओं में राज्य सरकारों द्वारा अपना अंशदान भी न दे पाने के कारण इन योजनाओं का वास्तविक लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को नहीं मिल पाता है ।

अत : यह आवश्यक है कि एक ऐसी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाये जिसके अंतर्गत निश्चित समयावधि में केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं को पूरा कर, उनका लाभ जनता को मिल सके ।

अत : मेरा कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री से मांग है कि इस हेतु एक निश्चित प्रक्रिया तय की जाये जिसमें सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों की भागीदारी निश्चित की जा सके। यद्यपि इस हेतु मानीटरिंग की व्यवस्था है तथापि उसको और भी प्रभावी बनाया जाना आवश्यक है।